झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग**

पत्रांक :— रा0खा0आ0 (शिकायत)—पलामू / PDS —02 / 2022 — 301

प्रेषक,

**संजय कुमार,**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः— 13·03·2024

विषयः— **श्री बुधन महतो, मातृ भूमी सेवा संकल्प संस्थान, पंडवा, पलामू से प्राप्त परिवाद पत्र पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि श्री बुधन महतो, मातृ भूमि सेवा संकल्प संस्थान, पंडवा का परिवाद पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है, जो पलामू जिला अन्तर्गत पंडवा प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी—सह—JSFC के गोदाम प्रबंधक, श्री प्रभु राम एवं लोहड़ा पंचायत की मुखिया श्रीमती सुमित्रा देवी के विरूद्ध जन वितरण प्रणाली में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार में लिप्त रहने के आरोप से संबंधित है। परिवादी का आरोप है कि पंडवा गोदाम प्रबन्धक श्री प्रभु राम द्वारा राशन डीलरों को समय पर राशन नहीं देकर 3—4 माह विलंब से राशन दिया जाता है। परिवाद पत्र में PDS डीलर सुमन महिला SHG को माह सितम्बर का 3290 कि0ग्रा0 एवं दिसम्बर का 2781 कि0ग्रा0 तथा सरस्वती SHG को माह फरवरी एवं मार्च 2024 का राशन अबतक नहीं दिये जाने सहित अन्य आरोप लागाये गये है।

अतः प्राप्त आवेदन पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

**अनु0—यथोक्त।**

विश्वासभाजन

13/3/24

**(संजय कुमार)**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx720

पता—झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची—834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

Mo.No.- 9771803700 Date-06-03-2024 Complaint no.-WA/341/2024 (272)

Regd.No. 514 / 2006-07

Mob : 9771803700
Mob : 9546997790
Ph : 06560-289426

# MATRIBHUMI SEWA SANKALP SANSTHAN

H.O.- Vill- Pandwa, P.O.- Rajhara, Pandwa
Palamau (Jharkhand)-822141

NON PROFIT MAKING SOCIETY REGISTRATION UNDER SOCIETIES REGISTRATION ACT 21, 1860

Ref. No. सेवा मं. 17/2024 Date 03/03/2024

श्रीमान अध्यक्ष राज्य खाद्य आयोग रांची
झारखंड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का तीसरा तल हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची 834002

विषय :- पलामू जिला अंतर्गत प्रखंड पड़वा के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह- राज्य खाद्य निगम गोदाम पड़वा के प्रबंधक प्रभु राम एवं लोहड़ा पंचायत के मुखिया सुमित्रा देवी पूरे भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं प्रत्येक महीना ₹10000 रिश्वत मांगते हैं नहीं देने पर जन वितरण प्रणाली दुकान संचालक को समय पर राशन नहीं देते हैं जो की सितंबर एवं दिसंबर 2022 एवं फरवरी 2024 का खाद्यान्न देने का ऑनलाइन करके राशन नहीं दिए हैं इसके विषय में जांच करवाते हुए कानूनी कार्रवाई करने के मांग करने के संबंध में।

आवेदनकर्ता :- मातृभूमि सेवा संकल्प संस्थान के अध्यक्ष एवं समाज सेवी व्यक्ती एवं जन वितरण प्रणाली दुकान संचालक समूह के सचिव के पति बुधन महतो।

महाशय

निवेदन पूर्वक कहना है कि **प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह- राज्य खाद्य निगम गोदाम पड़वा** के प्रबंधक **प्रभु राम** राशन डीलर को प्रत्येक महीना समय पर राशन नहीं दे रहे हैं मुखिया बोलते हैं कि प्रत्येक महीना **₹10000** दीजिए तब समय से राशन मिलेगा एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रभु राम राशन देने का ऑनलाइन कर देते हैं और गोदाम से राशन नहीं देते हैं और कहते हैं कि कार्डधारी का ठेपा लगाकर राशन का पर्ची निकाल लीजिएगा नहीं तो राशन लैप्स हो जाएगा और इस तरह से तीन से चार महीना लेट से राशन देते हैं जब वरीय स्तर पर पता किया जाता है तो पता चलता है कि राशन जो महीना चल रहा है या आने वाला है उसे महीने का सरकार के द्वारा एडवांस में राशन डीलर को देना है इस तरह से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह- राज्य खाद्य निगम गोदाम प्रबंधक के द्वारा राशन का घोटाला किया जा रहा है **सुमन महिला S.H.G.** जन वितरण प्रणाली दुकान को **सरस्वती S.H.G. राजकुमारी देवी गड़ेरियाडीह** में टैगिंग किया गया है जो की सुमन महिला स्वयं सहायता समूह का सितंबर का 3290 किलो एवं दिसंबर का 2781 किलो नहीं दिया गया है एवं सरस्वती S.H.G. का फरवरी 2024 का राशन अभी तक नहीं दिया गया है राशन मांग करने पर बोला जा रहा है कि ऊपर से अभी राशन नहीं आ रहा है ऊपर से राशन आ जाएगा तब दे दिया जाएगा इसी तरह से तीन से चार महीना विलम्ब से राशन दिया जाता है और कभी-कभी राशन देने का ऑनलाइन करके बोल दिया जाता है कि राशन लैप्स.हो गया है इसलिए नहीं मिल पाएगा राज्य खाद्य निगम गोदाम पड़वा के प्रबंधक प्रभु राम ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम करने के लिए **800 किलो** राशन एवं **₹10000** पंचायत लोहड़ा में दिलवाया गया था जो की कहा गया था कि वर्ष 2024 में **800 किलो** राशन आपके गोदाम से दे दिया जाएगा एवं झारखंड सरकार से पैसा आने पर आपको जो **10.000/-** नगद नगर दिए हैं वह वापस कर दिया जाएगा जो की अभी तक ना राशन वापस किया गया है ना पैसा वापस किया गया है हमारे पंचायत के मुखिया सुमित्रा देवी बोलते हैं कि हमें चुनाव जीतने में 15 लख रुपए खर्च हो गया है वह पैसा कहां से आएगा प्रत्येक महीना आपको **₹10000** देना होगा तभी समय से राशन राज खाद्य निगम गोदाम से दिलवाएंगे उपरोक्त जो भी पैसा एवं राशन सरस्वती S.H.G. को नहीं मिला है वह राशन एवं पैसा वापस करवाने एवं प्रत्येक महीना समय पर राशन दिलवाने का कृपा की जाए जिससे कि राशन कार्ड धारी को सही समय पर सही मात्रा में राशन मिल सके।

आपका विश्वासी

Budhan mahto

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष
मातृभूमी सेवा संकल्प संस्थान
पंडवा, पलामू

मार्च 2024
M.S
11.3.24
11/3
सी. निमोद
11/03/24
533
11.3.24
मार्च 2024

(81)

Regd.No. 514 / 2006-07

Mob : 9771803700
Mob : 9546997790
Ph : 06560-289426

# MATRIBHUMI SEWA SANKALP SANSTHAN

H.O.- Vill- Pandwa, P.O.- Rajhara, Pandwa
Palamau (Jharkhand)-822141

NON PROFIT MAKING SOCIETY REGISTRATION UNDER SOCIETIES REGISTRATION ACT 21, 1860

Ref. No. 10/2024 सेवा में

Date 03/03/2024

श्रीमान

विषय :- पलामू जिला अन्तर्गत पंडवा प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी सह पंडवा राज्य खाद्य निगम गोदाम के प्रबन्धक प्रभु राम एवं लोहड़ा पंचायत के मुखिया सुमित्रा देवी पूरे भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं प्रत्येक महिना 5000/- पांच हजार रुपये दोनों मिलकर रिश्वत मांग करना नहीं देने पर जनवितरण प्रणाली दुकान संचालक को राशन नहीं देने एवं मुखिया द्वारा नहीं दिलवाने [illegible] सितम्बर 2022 एवं अक्टूबर 2022 का एवं फरवरी 2024 का खाद्यान्न देने का ऑनलाईन करके राशन नहीं देना एवं दिलवाना इसके विषय में जांच करवाते हुए कानूनी कार्रवाई करने के मांग करने के सम्बन्ध में।

सूचना कर्ता :- मातृभूमि सेवा संकल्प संस्थान पंडवा पलामू के अध्यक्ष एवं समाज सेवी व्यक्ति हूं एवं जनवितरण प्रणाली दुकान संचालक समूह के सचिव के पति हूं। सुमन महतो

महाशय निवेदन पूर्वक कहना है कि पंडवा प्रखण्ड के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी सह:- भारतीय P.T.O

राज्य खाद्यनिगम गोदाम प्रबन्धक प्रभुराम ने राशन
डीलर को प्रत्येक महिना समय पर राशन नही दे रहे
है मुखिया बोलते है कि प्रत्येक महिना 5000/- पांच हजार रुपये
दिजिए तब मैं प्रत्येक महिना राशन समय पर दिलवाऊंगा
और राशन देने का ऑनलाईन कर रहे है और बोलते
है कि ऑनलाईन नही होगा और कार्डधारी का पैसा
नही लगाकर पर्ची नही निकाल दिया तो राशन लैप्स
हो जायेगा ऊपर से दो तीन महिना राशन लेट आ
रहा है जब बाद मे पता करने पर पता चल रहा है
कि राशन जो महिना चल रहा है या आने वाला है
34 महिना के अंतिम सप्ताह से एडवांस राशन डीलर को
देना है। पंडवा राज्य खाद्यनिगम गोदाम का संचालन
मे परिवहन अभिकर्ता A.M.O. A.G.M. गोदाम को लेकर मिलकर
घोटाला हो घोटाला किया जा रहा है। मुकन महिला S.H.G
जनवितरण प्रणाली दुकान सरस्वती S.H.G. राजकुमारी देवी
मे डीलिंग है। मुकन महिला S.H.G को सितम्बर 2022 का PMKY
को खाद्यान्न 329 क्विंटल एवं दिसम्बर 2022 का 278 क्विंटल
नही दिया गया है। एवं सरस्वती S.H.G राजकुमारी देवी को
जनवरी 2024 का खाद्यान्न अभी तक नही दिया
गया है। राशन मांग करने पर बोला जा रहा है कि
ऊपर से राशन ही नही आ रहा है ऊपर से राशन
आ जायेगा तब राशन दे दिया जायेगा प्रत्येक महिना

P.T.O

इसी तरह से दो महिना, तीन महिना के बाद राशन दिया
जाता है और कभी कभी राशन देने को ऑनलाईन करके
लैप्स होने को कहकर राशन नही दिया जाता है गोदाम
प्रबन्धक ने राशन डीलर से आठ क्विन्टल राशन एवं आठ
हजार रुपये सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत लोहद्दा में
करने हेतु दिलवाया। जाता है वर्ष 2024 में जो कि कहा गया था
कि आठ क्विन्टल राशन मैं गोदाम से दे दूंगा और आरडीएस
सरकार से पैसा आने के बाद 8000/- नगद रुपये वापस कर
दूंगा वह भी पैसा वापस नही किया गया है नही आठ क्विन्टल
राशन वापस किया गया है मुखिया बोलते है कि मुखिया के पद जीतने
में 1500000/- पन्द्रह लाख रुपये खर्च हो गया है वह पैसा
कहाँ से आयेगा। प्रत्येक महिना 5000/- पांच हजार रुपये देना
होगा तब इस तरह से पंचायत लोहद्दा के मुखिया बोलते
तभी समय पर राशन मिलाउगा सरस्वती S.H.G. राजकुमारी
देवी जनवितरण प्रणाली दुकान संचालक के सचिव है
जो कि मेरे पत्नी है। जनवितरण प्रणाली दुकान प्रखंड
पंडवा पंचायत लोहद्दा ग्राम रवाला गोड़सिमाडीह है।
पड़वा के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रभु राम एवं लोहद्दा
पंचायत के मुखिया सुनिता देवी का पति का (नाम) है। A.G.M
साहब से जो राशन सितम्बर 2022 एवं दिसम्बर 2022
का दो आठ क्विन्टल मुखिया को दिलवाये है वह
खाद्यान्न एवं 8000/- आठ हजार रुपये सरकार
आपके द्वार कार्यक्रम लोहद्दा पंचायत में करने



P.T.O.

(208)

के लिये रुपये दिलवाये है वह पैसा वापस करवाने की एवं राशन डीलर को प्रत्येक महिना समय पर राशन दिलवाने एवं सुमन महिला S.H.G. बनहेता जनवितरण प्रणाली दुकान रैंगिंग है सुमन S.H.G बनहेता की जनवितरण प्रणाली दुकान का खाद्यान्न सितम्बर 2022 एवं अक्टूबर 2022 का खाद्यान्न नहीं मिलने के प्रत्येक महिना राशन कट जाता है बाकी राशन दिलाने की कृपा किया जाय जिससे कि राशन कार्ड धारी को समय सहीमात्रा में खाद्यान्न मिल सके।

आपका विश्वासी

Budhan mahto

पेज नं० (4)

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष
मातृभूमी सेवा सकल्प सस्थान
पंडवा, पलामू

MO.No. 9771803700